# नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(दिसम्बर 2017)

डा अजय तिर्की महापौर

प्रिय नगरवासियों ,

कोई भी संस्था के सफल संचालन में वहां के नगरवासियो का सहयोग आवश्यक होता है और नगर में चलने वाले प्रत्येक कार्यो की पारदर्शिता एंव सुगमता मेरी प्राथमिता रही है इसी तारत्मय में इस वेब साईट का निमार्ण कराया गया है मेरा नगर वासियो से अपील है कि नगर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हो रहे शौचालयो का निर्माण अपने घरो में करा कर सहयोग प्रदान करें साथ ही आप सभी से अपील है कि समस्त करो का भुगतान समय पर करे, जल को व्यर्थ ना बहने दे, प्लास्टिक कैरी बैगो का इस्तेमाल ना करे एंव कचरो में निपटान में सहयोग कर नगर निगम को एक मजबूत निगम बनाने में सहयोग प्रदान करे । अतः में आप के सभी कार्यो को तत्परता सुगमता से करने के वादे के साथ,आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आप स्वस्थ रहे निरोग रहे इसी आशा के साथ आपका।

**डा अजय तिर्की** महापौर

## श्रीमति सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल (रा.प्र.से.)
आयुक्त

स्वच्छ भारत का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी के सर्वोच्च कार्यो का प्रथम राष्ट्रीय सोपान है, और यह गर्व का विषय है कि छग के आदिवासी अंचल सरगुजा में अवस्थित नगर निगम अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर के सम्मानित नागरिकों ने इस सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, एवं उल्लेखनिय कार्य किया है, एस एल आर एम अम्बिकापुर माडल शत प्रतिशत डोर टु डोर संग्रहण एवं आजीविका मिशन का अनुपम उदाहरण है, इसी का परिणाम है कि इस श्रेष्ठ कार्य ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर इस अंचल को गौरवान्वित किया है, इस कार्य की कार्यस्थिती इस बात से ही प्रमाणित हो जाती है कि आज यह माडल छग के समस्त नगरीय निकायों के लिये मिशन क्लीन सिटी के रूप में प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है, एवं पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है, इसके साथ ही अम्बिकापुर निगम खुले में शौच मुक्त नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर अपने इस कार्य में सफलता का एक और पायदान कायम किया है

**सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल**

**दिनांक 01 दिसम्बर 2017**

**कचरे का ढेर हटा बनाई रंगोली लोगो ने रंगोली के उपर फिर डाला कचरा**

शहर मे ऐसे 112 स्थानो को चिन्हांकित किया गया है जहां लो्गो ने वर्षो से कचरा फेकने का स्थान बना रखा है ऐसे स्थानो से हर रोज नगर निगम सफाई अभियान चलाता है किन्तु लोग कचरा फेकने से बाज नही आ रहे है लिहाजा ऐसे स्थलो को स्वच्छता कार्नर बनाने के साथ कचरा हटाकर रंगोली सजाई जा रही है

**दिनांक 04 दिसम्बर 2017**

**शहर मे 7 रास्तो से बहार जाता है नालियो का पानी टीटमेट के लिए लगाए जाएंगे प्लांट**

शहर से नाली के रास्ते बाहर निकलने वाली पानी को ठीक करने के लिए टीटमेट प्लांट लगाऐ जांएगे ताकी इसे भुमि गत जल के अलावा नुकसान ना हो पानी के मात्रा का पता लगाने के लिए पहले सर्वे कराया जाऐगा

**दिनांक 05 दिसम्बर 2017**

**सडको पर कचरा फेकने वालो पर 5 हजार जुर्माना**

अम्बिकापुर डोर टु डोर कचरा संग्रहण अभियान के निरीक्षण के लिए निगम आयुक्त श्रीमती सुर्य किरण तिवारी अ्ग्रवाल के नेतत्व मे निकली टीम ने सडक पर कचरा फेकने वालो पर जुर्माना लगाते हुए 5200 रू वसुल किये

**दिनांक 06 दिसम्बर 2017**

30 वर्षो के जरूरत के अनुरूप फोरलेन बनेगा 20 जुलाई तक निर्माण लक्ष्य

प्रास्तावित रिंग रोड के दायरे से निर्माणो को हटाने का काम पुरा हो गया है छत्तीसंगछ सडक विकास निगम को अब 20 जुलाई तक फोरलेन का काम पुरा करना होगा इसमे 3 स्तर पर गुण्वत्ता जांच कि व्यव्स्था की गई है निर्माण के 4 वर्षो तक गुणवत्ता मे कमी मे डीफेक्ट लाइबीलीटी के तहत ठेका कम्पनी को नए सिरे से निर्माण कराना होगा

**दिनांक 07 दिसम्बर 2017**

स्वच्छता सर्वेक्षण निगम माइनस मार्किग रोकने कर रहा सेल्फ असिसमेंट

जनवरी मे होने वाले अगले स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर निगम आभियान मे शहर की स्थिति का पता लगाने के लिए सेल्फ असिसमेट कर रहा है सर्वेक्षण के लिए सेन्टल की गाडलाइन के हिसाब से अभियान के प्रडताल के लिए टीम लगाई गई है

**दिनांक 08 दिसम्बर 2017**

**स्व्च्छता सर्वेक्षण के राजीय स्तरीय रैकिग मे अम्बिकापुर अव्वल**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 से पहले राज्य सरकार द्वारा 168 नगर पंचायतो नगर पालिका व नगर निगमो के बीच कराये गये स्वच्छता रैकिग मे 1 बार फीर से अम्बिकापुर नगर निगम ने बाची मार ली प्रदेश सरकार द्वारा तिसरी बार कराये गये इस सर्वे मे नगर निगम 2400 अंको मे से सर्वाधिक 2044 अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहा जब कि राजधानी रायपुर अभी भी 42 रैंक पर है

**दिनांक 10 दिसम्बर 2017**

**जोडा पीपल के पास से हटाया अतिकम्रण**

जोडा पीपल इलाके की सकरी गली मे हाईकोर्ट के आदेश के बाद राजस्व एंव निगम ने शनिवार को कारवाही कर आधा दर्ज स्थानो से अतिक्रमण हटाया यहा सेटमेन्ट जमीन के अनुसार गली मे का कुछ हिस्सा अतिक्रमण के चपेट मे था कारवाही को लेकर लोगो ने सवाल भी उठाऐ उन्होने पुरी गली मे कारवाही नही करने एंव एक हिस्से मे अतिम्रकण हटाने का विरोध भी किया

**दिनांक 10 दिसम्बर 2017**

## सेन्टरी पार्क मे सैप्टेज मैनेजमेट के लिए लगेगा प्लांट

शहर मे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेट की तर्ज पर नगर निगम शहर मे सैप्टेज मैनेजमेट पर काम शुरू कर दिया है घरो के टॉलेट से निकलने वाली मटैरियल का प्लांट मे टीटमैट कर खाद और पानी को गार्डन मे उपयोग किया जायेगा 10 दिनो मे प्लांट शुरू हो जाऐगा

**दिनांक 11 दिसम्बर 2017**

## शहर मे पानी सप्लाई के लिए बनेगी 56 लाख लीटर की 4 नई टंकीया 2 का काम भी शुरू

शहर मे घुन्घुटटा बांध से पानी सप्लाई की नई योजना के लिए काम शुरू कर दिया गया है शहर के 4 अलग अलग दिशाओ मे 56 लाख लीटर की 4 नई टंकीया बनाई जायेगी जब की कतकालो मे फील्टर प्लांट बनना है शहर मे केनाबांध और माखनबिहार के पास दो टंकीयो के निर्माण के लिए खुदाई शुरू करवा दी गई है

**दिनांक 13 दिसम्बर 2017**

## आय का स्त्रोत बढाने के प्रस्ताव ले राजधानी जाएंगे अधिकारी

नगर निगम मे आय बढाने के उपाय के साथ रायपुर मे आयोजित होने वाले विभाग के मंत्री के साथ बैठक मे शामिल होने की तैयारी मे निगम प्रशासन जुट गया है आगामी 26 दिसम्बर को राजधानी रायपुर मे नगरीस निकाय मंत्री के द्वारा नगरीय निकाय की बैठक लिजाऐगी

**दिनांक 14 दिसम्बर 2017**

## तकनीकी क्षमता बढाएं सिचाई अधिकारी ताकि समाज को फायदा मिल सके बोरा

सिंचाई विभाग के सचिव सोनमणि बोरा ने ली अधिकारियो की बैठक जल संसाधन विभाग के सचिव सोनमणि बोरा विभाजित अधिकारियो से कहा है कि वे यह सरगुजा क्षेत्र की भौगोलिक सिथति एंव प्राकतिक संसाधनो को बेहतर उपयोग करने के लिए सिंचाई योजना तैयार करे साथ ही सिंचाई योजनाओ का काम पुरी गुणवता के साथ पुर्ण करे

**दिनांक 15 दिसम्बर 2017**

युवा अपनी उर्जा देशहित मे लगाएं

राज्य सरकार के चौदह वर्षो की उपलबिधयो एंव विकास पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रम मे समापन अवसर पर आज राजीव गांधी शासकीय स्नाकोत्तर महाविघालय क आडिटोरियम हाल मे स्वच्छता एंव विकास युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया गहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र मे पक्ष एंव विपक्ष की भुमिका अहम होती है

**दिनांक 16 दिसम्बर 2017**

## स्वच्छता प्रतिस्पर्धा अव्वल रहे तो मिलेगा पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत छोटा भीम कैप्टन क्लीन के तहत शहर स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओ के आयोजन की भी तैयारी शुरू हो गई है बताया जा रहा है कि विघालयो एंव महाविघालय के बीच स्वच्छता विघालय की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी तथा अव्वल रहने वाले संस्था को पुरस्कत किया जायेगा

**दिनांक 19 दिसम्बर 2017**

स्वच्छता मे सेल्फ सर्वेक्षण शहर के सबसे साफ वार्ड और बाजार की होगी रैकिग

नगर निगम शहर मे स्वच्छता अभियान को सेल्फ सर्वेक्षण कराने जा रहा है 20 से 22 दिसम्बर तक इसके लिए अभियांन चलाया जाएगा सर्वेक्षण मे सबसे साफ वार्ड कालोनी बाजार के अलावा स्कूल होटल और अस्पतालो की रेकिग की जाएगी

**दिनांक 20 दिसम्बर 2017**

## शहर को जगाने जनप्रतिनिधि अधिकारियो ने निकाली रैली

स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 मे शहर को नम्बर वन बनाने आमजनो से भागीदारी व सहयोग की अपील के साथ आज कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के नेतत्व मे निगम के जनप्रतिनिधियो व अधिकारीयो दोपहियो वाहनो से रैली निकाली कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल स्वंय स्कुटी चलाते हुए रैली मे शामिल हुई तथा पुरे शहर का चक्कर लगाते हुए लोगो को सव्च्छता के प्रति

जागरूक किया

**दिनांक 22 दिसम्बर 2017**

**बच्चो ने रंगो के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 मे अम्बिकापुर शहर को एक बार फिर से देश मे पहला स्थान दिलाने के लिए जिला प्रशासन और ननि हर संभव प्रयास कर रहा है इस स्वच्छता सर्वेक्षण मे लोगो की भागीदारी और उनकी जागरूकता भी एक महत्तपुर्ण अंग होगा जनता के फीडबैक का सीधा असर स्वच्छता सर्वेक्षण पर पडेगा

**दिनांक 25 दिसम्बर 2017**

**सीएम करेगे 70 करोड के रिंग रोड निर्माण का भुमिपुजन**

बहुप्रतीक्षित 11 किलोमीटर रिंग रोड के निर्माण का भुमिपुजन करने मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पांच जनवरी को शहर आ रहे है इस दौरान लगभग 70 करोड से बनने वाली सीसी सडक का भुमिपुजन चांदनी चौक व बौरी तालाब के बीच स्थित बडे भु भाग मे आयोजित किए जाने की तैयारी मे प्रशासन जुटा है

**दिनांक 26 दिसम्बर 2017**

**कार्यस्थल की नियमित साफ सफाई का अधिकारी कर्मचारी ले संकल्प**

कलेक्टर किरण कौशल ने सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर की सफाई अभियांन ने श्रमदान कर अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए अधिकारियो कर्मचारियो को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर उनहोने कहा कि कार्यस्थल पर टेबल कुर्सियो तथा अलमारियो की नियमित साफ सफाई कर दस्तावेज को सुव्यवस्थित रखे

**दिनांक 28 दिसम्बर 2017**

**नाइट स्वीपिंग ने बदली व्यवसायिक मार्गो की सुरत**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत की सफाई व्यवस्था के तहत की जा रही नाईट स्वीपीग ने शहर मे

एक नया बदलाव लाया है रात के समय दुकाने बन्द होने के बाद व्यव्सायिक मार्गो मे होने वाली साफ सफाई ने शहर के सडको की हालात मे ना सिर्फ काफी हद तक सुधार लाया है

## नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

सम्पर्क हेतु नंबर –

निदान 1100 –

सफाई, पानी, सड़क बत्ती, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संबंधित शिकायत दर्ज करवाने संपर्क करे.

कार्यालय का पता – नगर पालिक निगम प्रशासनिक भवन, केदारपुर पानी टंकी अम्बिकापुर (छ.ग.)